वर्द्धमान न्यूज

Digital Edition — शिक्षा का उजियारा

Digital Edition | ब्यावर, 18 जुलाई 2025, शुक्रवार | Email : vardhmannewsbwr@gmail.com | मूल्य : निःशुल्क

विदेश यात्रा संघ द्वारा भव्य सम्मान एवं बहुमान समारोह

भारत गौरव सुनील खेतपालिया एवं विशिष्ट जनों का हुआ सम्मान









वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज के वातानुकूलित सभागार में रविवार को विदेश यात्रा संघ द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम समस्त आगंतुक अतिथियों एवं नगर के प्रबुद्धजनों की बैंड द्वारा सुमधुर धुनों के बीच हुई जबरदस्त अगुवाई।

सम्मान पाकर खूब अभिभूत हुए समाज रत्न खेतपालिया

सम्मान समारोह में गत दिनों लंदन के ब्रिटिश पार्लियामेंट के हाउस ऑफ कॉमन्स में भारत गौरव सम्मान से नवाजे गए श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के अध्यक्ष, देश के ख्यातनाम समाजसेवी एवं भामाशाह सुनील खेतपालिया का जबरदस्त अभिनंदन एवम बहुमान किया गया। विदेश यात्रा संघ से जुड़े राजेन्द्र ओस्तवाल राजू सा श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के सेवा समर्पित महामंत्री डॉ नरेंद्र पारख एवं दीपचंद कोठारी के नेतृत्व में सदस्यों ने श्री खेतपालिया का माला,साफा, उपरणा एवं शानदार स्मृति चिन्ह देकर सम्मान एवं बहुमान किया। अपनी मातृ भूमि में अपनों के बीच आत्मीयता से भरे सम्मान को पाकर समाज रत्न श्री खेतपालिया अभिभूत हो उठे।

इन हस्तियों का हुआ सम्मान..

अभिनंदन समारोह में पण्डित सुरेश मिश्रा (अध्यक्ष संस्कृति युवा संस्थान) एवं डॉ जगदीश नारायण विजय (विशेषाधिकारी शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार), विकास सेठिया (निदेशक ट्रेवलर्स कम्पनी चेन्नई), हस्तीमल खटोड़ (चेन्नई) का भी माला, साफा, उपरणा एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके अभिनन्दन किया गया।

प्रदेश की ख्यातनाम शिक्षण संस्था के वर्द्धमान वातानुकूलित सभागार में सम्मान समारोह का शुभारंभ नवकार मंत्र की स्वर लहरियों से हुआ।

डॉ पारख के स्वागत उद्बोधन से पुलकित हुआ पूरा सभागार..

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के महामंत्री डॉ नरेंद्र पारख ने स्वागत उद्बोधन में आगंतुक अतिथियों, मेहमानों, का परिचय देते हुए बताया कि आज ब्यावर के लिए बहुत गौरवशाली दिन है कि समाज एवं शासन की विभूतियां एक साथ इस मंच को सुशोभित कर रही है। उन्होंने पंडित सुरेश मिश्रा जी का आभार व्यक्त किया कि उनके संस्कृति युवा संस्थान द्वारा देश-प्रदेश में ही नहीं बल्कि विदेश में भी अपनी भारतीय संस्कृति की अमित छाप छोड़ रहे है। विविध क्षेत्रों से जुड़ी विशिष्ट जनों को चुनकर विदेशी धरती पर विगत कई वर्षों से अनवरत भारत गौरव समारोह आयोजित करके सम्मान प्रदान कर रहे है।

भामाशाह खेतपालिया की सेवाओं की मुक्त कंठ से वाहवाही

इस अवसर पर राजस्थान सरकार में शिक्षा मंत्री के विशेषाधिकारी जगदीश नारायण विजय ने समाजसेवी भामाशाह सुनील खेतपालिया की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि वास्तव में ऐसे व्यक्तित्व वाले इंसान विरले ही होते है जिनमें अपनी मातृभूमि से जुड़े लोगों की सेवा करने का जज्बा भरा होता है।

अभिनंदन समारोह में इनका रहा सहयोग...

सम्मान समारोह में विदेश यात्रा संघ से जुड़े राजेन्द्र ओस्तवाल (राजू सा), डॉ नरेंद्र पारख, दीपचंद कोठारी, संस्था के पूर्व अध्यक्ष शांतिलाल नाबरिया, एम. गौतमचन्द बोहरा, महेन्द्रसिंह सांखला, मनीष कांकरिया, ज्ञानचन्द बिनायकिया, कमलेश मोदी, राजेन्द्र गर्ग, जितेन्द्र दाधीच, चन्नू यादव, कपिल यादव, ललित मकाणा, के. तुलसीराम बोथरा, श्रीपाल चोपड़ा, देवराज लोढ़ा, सुनील ओस्तवाल, चंदूलाल कोठारी, प्रकाश गदिया, अरविन्द मूथा, रमेशचंद मेड़तवाल, प्रवीण खेतपालिया, सागरचंद कोटेचा, डॉ. राजीव जैन, पंकज सकलेचा, दिलीपकुमार श्रीश्रीमाल, विनयचंद बंट, निहालचंद कोठारी, शिशिर खण्डेलवाल, महावीरचंद रांका ने कार्यक्रम की सफलता हेतु सहयोग प्रदान किया इस अवसर पर देश-प्रदेश,जिले एवं नगर के लब्ध प्रतिष्ठित गणमान्य नागरिकों ने साक्षी बनकर अपने अजीज साथी का भव्य स्वागत किया।









बैंड की सुमधुर धुनों से हुआ स्वागत..

आगंतुक अतिथियों एवं नगर के प्रबुद्धजनों का जिले के सुप्रसिद्ध बैंड की सुमधुर धुनों के साथ हुई जबरदस्त अगुवाई।



इन हस्तियों का हुआ सम्मान...



















अभिनंदन समारोह में पण्डित सुरेश मिश्रा (अध्यक्ष संस्कृति युवा संस्थान) एवं डॉ जगदीश नारायण विजय (विशेषाधिकारी शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार), विकास सेठिया (निदेशक ट्रेवलर्स कम्पनी चेन्नई), हस्तीमल खटोड़ (चेन्नई) का भी माला, साफा, उपरणा एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके अभिनन्दन किया गया।

नगर के प्रबुद्धजनों ने किया बहुमान











गोठी स्कूल में हाउस वाइज क्विज कॉन्टेस्ट

वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित भँवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी विद्यालय में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

मुख्य समन्वयक समीर एस. कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रतियोगिता हाउसवार रखी गई थी जिसमें कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपने ज्ञान व बौद्धिक विकास का परिचय दिया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ श्रीमती दिव्या अग्रवाल द्वारा णमोकार मंत्र स्तुति द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में सात राउण्ड रखे गये। जिसमें समसामयिक, खेल-कूद, इतिहास आदि विषयों पर आधारित प्रश्न रेपिड फायर राउण्ड, ऑडियो क्लिप राउण्ड में पूछे गए। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी कुशाग्रता का परिचय देते हुए कई कठिन



प्रश्नों के त्वरित जवाब दिये। उपप्राचार्या श्रीमती सुनीता चौधरी ने प्रतियोगिता के परिणाम घोषित करते हुए बताया कि सम्यक हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया व द्वितीय स्थान पर अरिहन्त हाउस रहा। प्रतियोगिता का संचालन श्रीमती मेरी डेनियल द्वारा किया गया। स्कोर बोर्ड संचालन श्रीमान प्रदीप हेडा ने किया साथ ही टाइमर की भूमिका श्रीमान आशीष जॉर्ज ने निभाई। कार्यक्रम के अंत में



प्राचार्य श्रीमान् धर्मेन्द्र कुमार शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थी जीवन में उनके बौद्धिक विकास एव मनोबल को बढ़ानें में अहम भूमिका निभाते है। वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख एवं शाला निदेशक डॉ.आर.सी. लोढ़ा ने सभी विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी का उत्साहवर्धन किया।







श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ में वृक्षारोपण की अनूठी पहल : 51 पौधे लगाए





वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। हरियाली और स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम उठाते हुए श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ में आज 51 पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. निवेदिता पाठक, उप प्राचार्य नागेश राठोड, शिक्षकगण, अभिभावक और विद्यार्थियों ने मिलकर विभिन्न प्रकार के फूलों, पत्तियों एवं औषधीय गुणों से युक्त पौधे लगाए।


इस अभियान के दौरान विद्यार्थियों को हर पौधे के महत्व से अवगत कराया गया, जिसमें कुछ सब्जियों के पौधे भी शामिल रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता को बढ़ावा देना था। इस सुंदर पहल में श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेंद्र पारख एवं एकेडमिक निदेशक डॉ. आर. सी. लोढ़ा ने विशेष रूप से विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं एवं ग्रीन एनवायरमेंट के महत्व को रेखांकित किया।

यह संपूर्ण कार्यक्रम हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत संपन्न हुआ। विद्यालय के समस्त स्टाफ, अभिभावकगण कार्यक्रम को और भी प्रेरणादायक बना दिया।

एक पौधा - एक जीवन की ओर कदम
हरियाली से ही संभव है उज्ज्वल भविष्य!

वर्द्धमान कैफेटेरिया में छाई रौनक









ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित वर्द्धमान कन्या पी जी महाविद्यालय में नवनिर्मित तालेड़ा कैफेटेरिया का नव सत्र से शुभारंभ हो गया है। तीन मंजिला इस वातानुकूलित केम्पस में अब कॉलेज की स्टूडेंट आराम से बैठकर अनेक तरह के लज़ीज़ फ़ूड आईटम चाय-कॉफी एवं अन्य पेय पदार्थों का आनन्द ले सकेगी। कैफेटेरिया के सुचारू संचालन के लिए नगर के मंगल परिवार को अनुबंधित किया गया है।

निबंध प्रतियोगिता में वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज की मनीषा कुमारी प्रथम, हीना बानो तृतीय



वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। डॉ. भीमराव अंबेडकर फाउंडेशन, (अम्बेडकर पीठ), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, मूंडला, जयपुर द्वारा वर्तमान परिदृश्य में अम्बेडकर के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर आयोजित जिला एवं राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में ब्यावर जिले की श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.सी.लोढ़ा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में ब्यावर जिले से केवल तीन छात्राओं का चयन हुआ जिनमे से दो छात्राएं वर्द्धमान कन्या महाविद्यालय की रही। विज्ञान संकाय की छात्रा मनीषा कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 5100 का पुरस्कार अर्जित किया, वही छात्रा हीना बानो ने तृतीय स्थान प्राप्त कर 2100 का पुरस्कार प्राप्त किया।

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने विजयी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की।

वर्द्धमान कॉलेज की छात्रा दीक्षिका पालीवाल को मिली 80 हजार रु की इंस्पायर स्कालरशिप



वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय मे इंस्पायर स्कालरशिप योजना 2024 में विज्ञान संकाय में अध्ययनरत छात्रा दीक्षिका पालीवाल पुत्री गौतम पालीवाल को 80 हजार रुपए जुलाई 2025 में प्राप्त हुई।

यह पुरस्कार उच्च शिक्षा के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग डीएसटी, भारत सरकार द्वारा वैज्ञानिक प्रतिभा को बढ़ावा देने तथा छात्राओं को मूल और प्राकृतिक विज्ञान में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु दिया जाता है।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.सी. लोढ़ा ने बताया कि छात्रा दीक्षिका पालीवाल की प्रतिभा पर महाविद्यालय को गर्व है। नवाचार का यह उदाहरण अन्य छात्राओं को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा, ऐसा हमें विश्वास है। छात्रा ने महाविद्यालय प्राचार्य एवं विज्ञान शिक्षकों का आभार प्रकट किया। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने दीक्षिका पालीवाल के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की।

हरियालो राजस्थान : वर्द्धमान की बेटियों ने थामा हरियाली का दामन, रोपें छायादार और औषधीय पौधे





वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या महाविद्यालय की एन.एस.एस. एवं रेंजर यूनिट के संयुक्त तत्वावधान में कॉलेज आयुक्तालय के आदेशानुसार महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.सी. लोढ़ा के निर्देशन में राजस्थान सरकार की पर्यावरणीय पहल मिशन हरियालो राजस्थान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढ़ा ने मिशन की जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय प्रजातियों को महत्व देने के लिए एक जिला एक प्रजाति को प्राथमिकता देते हुए पौधारोपण किया जाना है अत: स्वयंसेविका एवं रेंजर्स समूह को संबोधित करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने हेतु छात्राओं को प्रेरित किया।

एन.एस.एस. अधिकारी कोमल गुप्ता ने बताया कि संस्था के श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ (नाज) के परिसर में नीम, जामुन, अमरूद, उमन, गुलमोहर, होलिस्टन आदि वृक्षों का रोपण किया गया। रेंजर्स प्रभारी राजकुमारी कुमावत ने छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम अधिकारी प्रीति शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।